# होम वोटिंग का प्रथम चरण जारी, वृद्ध व दिव्यांगों ने घर बैठे मतदान किया



जोधपुर में अशोक कुमार व्यास 89 वर्ष ने होम वोटिंग के तहत मतदान कर खुशी जताई।




जालोर जिले में वृद्धा ने घर पर मतदान किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**जोधपुर**, (कासं)। लोकसभा चुनाव को लेकर जिले में होम वोटिंग की प्रक्रिया को शुरू कर दिया गया। इसके तहत सभी क्षेत्रों में पोलिंग टीम बुजुर्ग व दिव्यांगों का वोट करवाने के लिए उनके घर तक पहुंच रहे है। जिले में होम वोटिंग का कार्य 23 अप्रैल तक चलने वाला है। होम वोटिंग का यह पहला चरण 14 से 18 अप्रेल व 22 से 23 अप्रेल तक दूसरे चरण चलेगा।

गौरतलब है कि जोधपुर में 80 से 89 की उम्र के 32219, 90 से 99 तक के 6274, 100 से 109 की उम्र के 480, 110 से 119 की उम्र के 15 तथा 120 साल के अधिक की एक वोटर है।

## 14 हजार से अधिक दिव्यांग वोटर

जोधपुर में कुल 14 हजार 952 दिव्यांग मतदाता पंजीकृत हैं। इसमें 10 हजार 629 पुरुष और 4 हजार 323 महिला दिव्यांग मतदाता हैं। इसमें भी फलोदी विधानसभा में 1 हजार 937, लोहावट में 3 हजार 37, शेरगढ़ में 2 हजार 832, सरदारपुरा में 956, जोधपुर में 510, सूरसागर में 1 हजार 541, लूणी में 2 हजार 928 और पोकरण में 1 हजार 211 दिव्यांग मतदाता हैं।

फलौदी निर्वाचन क्षेत्र के 99 वर्षीय वयोवृद्ध मतदाता इब्राहिम ने सोमवार को बड़ी सरलता से अपने घर से पूर्ण गोपनीयता के साथ अपने मताधिकार का उपयोग किया।

होम वोटिंग के लिए जैसे ही मतदान दल इब्राहिम के घर पहुंचा तो उन्होंने बहुत ही सहज भाव से मतदान दल के निर्देशानुसार अपना मत डाला और भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दी गई होम वोटिंग की सुविधा के लिए प्रसन्नता जाहिर की ।

घर घर वोट के तहत आज मतदान टीम ने सरदारपुर क्षेत्र में हाकम बाग़ सरदार स्कूल के सामने वोट डलवाये।

अशोक कुमार व्यास 89 वर्ष ने अपने मताधिकार का उपयोग करने के पश्चात बताया कि भारतीय लोकतंत्र के सबसे बड़े पर्व की भागीदारी निभाने का अवसर देने के लिए चुनाव आयोग का बहुत बहुत आभार।

अशोक कुमार व्यास ने बताया कि 85 वर्ष से बड़े मतदाताओं एवम शारीरिक असमर्थ मतदाताओं के लिए घर घर वोट की सुविध देने के लिए चुनाव आयोग का तहे दिल से साधुवाद।

व्यास ने मतदान के लिए आयी टीम का भी आभार व्यक्त किया।

**जालोर संवाददाता के अनुसार :** निर्वाचन विभाग के निर्देशानुसार लोकसभा आम चुनाव-2024 के दौरान 85 वर्ष से अधिक एवं दिव्यांगजन के लिए होम वोटिंग का प्रावधान किया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार होम वोटिंग के तहत प्रथम चरण में जालोर, आहोर, भीनमाल, सांचौर व रानीवाड़ा विधानसभा में सहायक रिटर्निंग अधिकारियों के निर्देशन में दूसरे दिन सोमवार को होम वोटिंग के तहत गठित मतदान दलों ने गोपनीयता के साथ मतदान करवाया।

जालोर विधानसभा क्षेत्र (142) में बूथ संख्या 92 की मतदाता 94 वर्षीय बुजुर्ग महिला शान्ति देवी ने सोमवार को होम वोटिंग की प्रक्रिया के माध्यम से वोट डालकर लोकतंत्र के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाई।

उन्होंने कहा कि उम्र अधिक होने के कारण मतदान केंद्र तक पहुंचने में असमर्थ थी। लेकिन भारत निर्वाचन आयोग की होम वोटिंग सुविधा से वोट डालने का मौका मिल सका। इसके लिए उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग का आभार भी जताया।

विधानसभा क्षेत्र रानीवाड़ा (145) में मतदाता भाटीप निवासी बूथ संख्या 54 की 87 वर्षीय महिला मतदाता जेती देवी पत्नी लालाराम ने होम वोटिंग सुविधा से मतदान करने के लिए आवेदन किया था।

सोमवार को मतदान दल जब उनके घर पहुंचा तो उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। उन्होंने बेहद खुशी के साथ पोस्टल बैलेट के माध्यम से अपना मतदान किया। उन्होंने अपने घर से मतदान करते हुए होम वोटिंग की प्रक्रिया को भारत निर्वाचन आयोग का सराहनीय कदम बताया।

उन्होंने कहा कि इसके माध्यम से अन्य मतदाता भी प्रेरित होंगे और अधिक से अधिक संख्या में पात्र मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग कर सकेंगे।

आहोर विधानसभा (141) में दिव्यांग मतदाता कमलेश सुथार ने होम वोटिंग के माध्यम से मतदान कर होम वोटिंग की पहल को दिव्यांगजनों को सुविधाजनक बताते हुए भारत निर्वाचन आयोग का आभार जताया।

# संतों व हरिशचंद्र जसोल ने रामदेवरा में दर्शन किए



रातदेवरा में गादीपति राव भोमसिंह एवं महेंद्रसिंह ने श्री राणी भटियाणी मन्दिर संस्थान समिति सदस्य कुं. हरिशचंद्रसिंह जसोल, महंत नारायणगिरी महाराज , गणेशपूरी महाराज वरिया मठ का सम्मान किया।

**बालोतरा**, (नि.सं.)। श्री राणी भटियाणी मन्दिर संस्थान समिति सदस्य कुं. हरिशचंद्रसिंह जसोल, महंत नारायणगिरी महाराज एवं गणेशपूरी महाराज (वरिया मठ) ने बाबा रामदेव जी की समाधि स्थली रामदेवरा पहुंच कर दर्शन पूजन किया।

रामदेवरा पधारने पर बाबा रामदेव समाधि स्थल रामदेवरा की ओर से गादीपति राव भोमसिंह एवं उनके भ्राता महेंद्रसिंह ने संतों एवं कुंवर हरिश्चन्द्रसिंह जसोल का स्वागत किया तथा स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए सम्मानित किया। इसके साथ ही भादरिया राय माता के दर्शनों का लाभ लिया और जंहा विश्व के सबसे बड़े पुस्तकालय का अवलोकन कर कार्यो को देखा तथा मंदिर प्रांगण में स्थित यज्ञशाला में हवन पूजन करते हुए विश्व कल्याण की कामना की।

इस दौरान साथ में पधारे जसोल के स्थानीय गैर नृत्य मालाणी सांस्कृतिक कला केंद्र के कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति देकर सबके मन को मोहित किया। साथ ही बोथिया ग्राम में पंचदेव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शिरकत की तथा मंदिर प्रांगण में स्थित मंदिरों एवं यज्ञशाला का दर्शन लाभ लिया। नवरात्रा पवित्र पर्व के उपलक्ष में संस्थान की ओर से भादरिया राय मंदिर एवं पंचदेव मंदिर बोथिया में 600 किलो सेव का भक्तों में धर्म भाव के साथ वितरण किया गया।

# रामोत्सव 17 को होगा

**जोधपुर**, (कासं)। विश्व हिंदू परिषद द्वारा संचालित रामनवमी महोत्सव समिति द्वारा रामनवमी शोभायात्रा के सफलता की कामना को लेकर सोमवार सुबह भारत माता मंदिर में पंडित जीवराज श्रीमाली के आचार्यत्व में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ रामाभिषेक कर पूजा अर्चना की गई। विहिप के प्रांत मंत्री महेंद्र उपाध्याय ने बताया कि आज विश्व हिन्दू परिषद् द्वारा संचालित रामनवमी महोत्सव समिति द्वारा प्रभु श्रीराम का रूद्र अभिषेक प्रांत कार्यालय में किया गया। इस बार भी प्रभु से प्रार्थना की गई है कि रामनवमी जुलूस भव्य, दिव्य निकले। भगवान का अभिषेक कर पूजन किया गया।

# राज्य बास्केटबॉल टीम फाइनल में

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। पांडिचेरी में चल रही राष्ट्रीय यूथ बास्केटबॉल प्रतियोगिता में राजस्थान की टीम ने फाइनल में एंट्री ले ली है। सेमीफाइनल में तमिलनाडु की टीम को हराकर राजस्थान की बास्केटबॉल टीम ने फाइनल में प्रवेश किया। अब फाइनल मुकाबले में राजस्थान की टीम का मुकाबला पंजाब के साथ होगा। राजस्थान टीम के कोच और जैसलमेर जिला खेल अधिकारी राकेश विश्नोई ने बताया कि राजस्थान की टीम में जैसलमेर बास्केटबॉल अकादमी के 4 खिलाड़ी खेल रहे हैं।

- टीम में जैसलमेर बास्केटबॉल अकादमी के 4 खिलाड़ी शामिल हैं

ज्ञात रहे कि पूर्व में पिछडे जिले के नाम से जाने जाने वाले जैसलमेर में 2011 में तत्कालीन जिलाधीश गिरीराजसिंह कुशवाह ने राज्य सरकार से बास्केटबॉल अकादमी दिलाई उसी अकादमी के खिलाडियों के योगदान से राजस्थान की टीम फाइनल में आई है पूर्व में जैसलमेर वासियों ने सपने में भी नही सोचा था कि हमारे लाल राष्ट्र में नाम कमाएंगे

जैसलमेर वासी कुशवाह को वर्तमान में भी दिल से दुआ दे रहे है।

राकेश विश्नोई ने बताया कि राजस्थान टीम में जैसलमेर बास्केटबॉल अकादमी से गेमरसिंह, संस्कार सैनी, मनीषकुमार माल एवं भूपेंद्रसिंह राठौड़ शामिल हैं। गौरतलब है कि भारतीय बास्केटबॉल महासंघ द्वारा 38वीं यूथ राष्ट्रीय बास्केट बॉल प्रतियोगिता का आयोजन पांडिचेरी में 9 अप्रैल से किया जा रहा है। जिला खेल अधिकारी एवं राजस्थान टीम के मुख्य प्रशिक्षक राकेश विश्नोई ने बताया कि यूथ नेशनल बास्केटबॉल प्रतियोगिता में राजस्थान टीम ने क्वार्टर फाइनल में केरल को 60-65 के अंतर से पराजित कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

सेमीफाइनल में तमिलनाडु के साथ रोमांचक मुकाबला हुआ, जिसमें मैच के समय समाप्ति तक दोनों टीमें बराबरी पर रही। एक्स्ट्रा टाइम में राजस्थान टीम ने 75-78 के अंतर से तमिलनाडु को पराजित कर फाइनल में जगह बनाई। अब फाइनल मुकाबला पंजाब के साथ खेला जाएगा।

# आजीवन कारावास की सजा

**जालोर**, (कासं)। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश महेश कुमार ने जीजा के हत्यारे साला लुम्बाराम को आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

अपर लोक अभियोजक रमेश कुमार सोलंकी के अनुसार हराराम उर्फ हरीराम पुत्र खंगाराम मेघवाल निवासी पहाडपुरा ने सामान्य चिकित्सालय जालोर में रिपोर्ट पेश कर बताया कि मेरे घर के सामने ही मेरा भाई चम्पालाल अपने परिवार के साथ रहता था। 16 जुलाई 2021 की शाम को चम्पालाल का साला लुम्बाराम पुत्र रामाराम मेघवाल निवासी आलासन चम्पालाल के घर आया तथा रात्रि में लुम्बाराम उनके घर पर ही रूका।

चम्पालाल की पत्नी दिवाली व उसकी बच्ची पूजा मेरे काका पोलाराम के घर गेहूॅ साफ करने के लिए 17 जुलाई 2021 सुबह 11 बजे आई हुई थी, गेहूँ साफ करके दोपहर के 12.30 बजे अपने घर गई। वह जाते ही जोर जोर से रोने लगी। पूजा भी रोने लगी तो मै रोने की आवाज सुनकर चम्पालाल के घर गया, तो पूजा ने कहा कि मेरे पापा को लुम्बाराम मामा ने मार दिया। मैने कमरे में जाकर देखा तो चम्पालाल मृत पडा था। तथा उसके नाक व मुहॅं से खून निकल हुआ था। चम्पालाल की गर्दन पर आटे देकर गला घोटा हुआ था। मैने पूजा को पुछा कि लुम्बाराम ने चम्पालाल को क्यो मारा, तो उसने कहा कि रात को भी मेरे मामा लुम्बाराम ने मेरे पापा चम्पालाल के साथ गली गलौच की थी तथा कहा था कि मै तुझे जान से मार दूंगा , मै तो पहले भी मर्डर केस में जेल जा चुका हूँ। मैने व मेरी मम्मी ने लुम्बाराम को रात्रि में समझा बुझा कर सुला दिया था। जब मै और मेरी मम्मी अगले दिन सुबह गेहॅू साफ करने के लिए पोलाराम के घर गये थे। तब भी मेरे पापा के साथ मेरा मामा लुम्बाराम बोलचाला कर रहा था। उसी ने मेरे पापा चम्पालाल को मार दिया। लुम्बाराम ने मेरे भाई चम्पालाल की हत्या कर जाते हुए दलाराम, पकाराम व गोपाराम ने देखा।

पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर आरोपी लुम्बाराम को गिरफतार कर बाद अनुसंधान आरोप पत्र न्यायालय में पेश किया। अभियोजन पक्ष की ओर से सत्तराह गवाहन के बयान लिये गये। एडीजे जालोर महेश कुमार ने दोनो पक्षो की बहस सुनने व पत्रावली का अवलोकन करने के बाद जीजा की हत्या करने के आरोपी साला लुम्बाराम को दोशी मानते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। सरकार की ओर से पैरवी अपर लोक अभियोजक रमेष कुमार सोलंकी ने की।

# बालकों का विशेष ध्यान रखें : मीणा

**जालोर**, (कासं)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जालोर के सचिव अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश विरेन्द्र कुमार मीणा ने सोमवार को राजकीय किशोर एवं सम्प्रेषण गृह का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

इस दौरान उन्होंने विधि से संघर्षरत बालकों को यहां मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। सचिव ने उपस्थित अधिकारी पुष्पेन्द्रसिंह को निर्देश दिये कि जब भी कोई बालक बीमार हो तो को तुरंत अस्पताल भिजवाकर उसका इलाज करवाया जावे।

उन्होंने उपस्थित अधीक्षक को निर्देश दिए कि लंबे समय से डॉक्टर की विजिट नहीं हुई है, इसके लिए संबंधित को पत्र भेजें एवं संबंधित अधिकारी से व्यक्तिगत रूप से संपर्क कर इस समस्या का समाधान करवाएं।

# नागणेच्या मंदिर पाटोत्सव व राव धुहड़ जयंती समारोह हुआ



राठौड़ वंश की कुलदेवी मां नागणेच्यां माता मंदिर नागाणा का पाटोत्सव व राव धुहड़ जयंती समारोह नागाणा धाम में आयोजित हुआ।

**जोधपुर**,(का.सं.)। अखिल भारतीय राठौड़ वंश की कुलदेवी मां नागणेच्यां माता मंदिर नागाणा का पाटोत्सव व राव धुहड़ जयंती समारोह सोमवार को नागाणा धाम में आयोजित किया गया।

मंदिर प्रबंधन समिति अध्यक्ष उम्मेदसिंह अराबा ने बताया कि हर वर्ष की तरह चैत्र शुक्ल सप्तमी को नागणेच्या माताजी का पाटोत्सव व राव धुहड़ जयंती समारोह महंत सत्यमगिरी महाराज कोटेश्वर महादेव मठ सिवाना के पावन सानिध्य में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि व ट्रस्टी मानवेंद्रसिंह जसोल ने कहा कि प्राचीन काल से शक्ति उपासना की पूजन परम्परा अति विस्तृत हैं। माँ नागणेच्या शक्ति स्वरूपा, बलबुद्धि प्रदाता एवं कुलरक्षिणी हैं। नागाणाधाम शक्ति एवं आस्था का जागृत केन्द्र हैं। उन्होंने मंदिर निर्माण व अन्य कार्यों में सहयोग कर्ताओं एवम भामाशाहों का आभार व्यक्त किया। अतिथियों ने राव धुहड़ जी, पीथड़ जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण, दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की।

मंदिर प्रबंधन समिति द्वारा मुख्य अतिथि व साधु संतो का बहुमान किया गया। महामंत्री राजेंद्रसिंह थोब ने मंदिर का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। नवरात्रा में विशेष सहयोग देने वाले भामाशाह देवीचंद सोनी मेंगलवा अध्यक्ष अखिल भारतीय सोनी समाज धर्मशाला सुंधा पर्वत, कांतिलाल सोनी, बाबूलाल सोनी मेंगलवा जालोर,ओमसिंह राठौड़ इंद्रोका नागोर ,मंडली थानाधिकारी महेश गोयल,उद्योगपति मनोजकुमार कानूंगो सिवाना,फायर ब्रिगेड प्रभारी ओमप्रकाश आदि का भी ट्रस्ट द्वारा सम्मान किया गया।

नवरात्र में पूरे नौ दिन निःशुल्क सेवा कार्य करने वाले वीर दुर्गा दास सेवा समिति के स्वयंसेवकों का भी सम्मान किया गया। ईश्वर सिंह भंवरानी, बजरंगसिंह बागरा, अजयपाल सिंह देपालसर, धनसिंह राजादंड, सुरेंद्रसिंह खींदास, महावीर सिंह जोधा कोसेलाव, कुंदनसिंह राठौड़, रेवतसिंह आदि मौजूद रहे। विशन सिंह सोढा ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# अवैध गतिविधियों पर कार्रवाई करें : पूजा पार्थ

**जालोर**, (कासं)। जिला निर्वाचन अधिकारी पूजा पार्थ की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाभागार में जिला निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण से संबंधित प्रवर्तन एजेन्सियों के जिला स्तरीय नोडल अधिकारियों की बैठक सम्पन्न हुई जिसमें विभिन्न प्रवर्तन एजेन्सियों के अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी पूजा पार्थ ने प्रवर्तन एजेन्सियों के अधिकारियों को निर्वाचन व्यय के पर्यवेक्षण के संबंध में उनकी भूमिका व उनके द्वारा की जाने वाली कार्यवाही की प्रक्रिया के बारे में जानकारी देते हुए निर्देशित किया कि लोकसभा आम चुनाव-2024 के अंतर्गत मतदान तिथि नजदीक आने से कारण संसदीय क्षेत्र में निर्वाचन व्यय, भारी मात्रा में नकदी की आवाजाही, ऑनलाइन लेन-देन, शराब, ड्रग्स व नशीले पदार्थों, कीमत धातुओं की अवैध आवाजाही एवं भण्डारण को रोकने के लिए प्रभावी निगरानी सुनिश्चित की जावें। उन्होंने कहा कि सभी प्रवर्तन एजेन्सियाँ आपसी समन्वय के साथ संयुक्त ऑपरेशन चलाकर संदिग्ध गतिविधियों पर कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

# किसी मोर्चे से डरने व पीछे हटने वाला नहीं हूं : भाटी

**बालोतरा**, (निसं)। बाड़मेर - जैसलमेर लोकसभा सीट से निर्दलीय प्रत्याशी रविंद्र सिंह भाटी ने रविवार रात पचपदरा में एक जनसभा में कहा कि पचपदरा रिफाइनरी में नेताओं ने दलाली के जो पैसे खाए हैं, उसे सूद समेत बाहर निकाल दूंगा। आज मैं यहां कहकर जा रहा हूं। यहां (रिफाइनरी) पर छोटा राजन और बड़ा राजन बैठाए हैं, लेकिन अब जनता की सरकार आने वाली है और अब ऐसा नहीं चलेगा।

भाटी ने कांग्रेस प्रत्याशी उम्मेदाराम बेनीवाल और विधायक हरीश चौधरी के "ए" और "बी" टीम के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि, वो कभी बोलते हैं कि ए टीम है और कभी बोलते हैं बी टीम है। वो खुद साफ नहीं कर पा रहे हैं कि, कहना क्या चाह रहे हैं। थोड़े दिन पहले तक जिसके पीछे लगे हुए थे, आज उन्हीं को गोद में बैठाकर घूम रहे हैं और उनका वध करने के लिए भी तैयार हुए हैं।

भाटी ने कहा, आज की तारीख में दोनों पोलिटिकल पार्टियाँ एक तरफ हैं। दोनों उन्हें (भाटी को) रोकने की कोशिश कर रही हैं। वे पचपदरा में आकर पंचायती करते हैं, उन्हें रिफाइनरी में आकर बट (हिस्सा) चाहिए।

उन्हें शर्म करनी चाहिए, क्योंकि कई युवाओं के घर पर चूल्हे जलने वाले थे, लेकिन उन्होंने उस चूल्हे की आग बुझाई है। जिससे कई युवक बेरोजगार हैं। पचपदरा में नेताओं ने दलाली के जो पैसे खाए हैं, उन्हें सूद समेत बाहर निकाल दूंगा। रविंद्र भाटी ने कहा कि, तमाम लोग मोर्चा खोलकर बैठे हैं। मैं उनको कहना चाहता हूं कि, इससे मैं दबने वाला नहीं हूं।

खुलेआम लड़ने की ताकत रखता हूं। अगर किसी में हिम्मत हो तो 26 अप्रैल को चुनाव है। मंच के माध्यम से चैलेंज करता हूं कि ओपन मंच के ऊपर सब उम्मीदवार आकर डिबेट करें और बताएं कि, इस क्षेत्र के बारे में क्या सोच रहे हैं और क्या काम किए हैं। खुलेआम मैं डिबेट करने के लिए तैयार हूँ। उनसे बात करने के लिए तैयार हूँ। उनके पास तर्क है तो मेरा चैलेंज स्वीकार करें। जगह और समय वे बताएंगे, मैं वहां आने के लिए तैयार रहूंगा। इस क्षेत्र के अधिकार और हकों की बात करूंगा। बात करो मुद्दों और अधिकारों की। भाटी ने कहा कि, सिर कटना मंजूर है, लेकिन हम किसी को कमजोर नहीं होने देंगे।

भाटी ने कहा, अब दलाली का काम बंद कर देना, अब हर चीज का मुंह तोड़ जवाब देने के लिए तैयार हूँ। अब वो दिन गए, जब किसी का मुंह बंद कर देते थे। यहां पर कई नेता चौड़ा-चौड़ा होकर फिरते हैं और कहते हैं कि, मैं राजा हरिश्चंद्र हूँ, मैं तो साफ-सुथरा हूं। नेता राज धर्म छोड़कर घर भरने का काम कर रहे हैं, शर्म करो।

भाटी ने कहा, पचपदरा के लोगों से कहना चाहता हूँ कि इतने दिन (पचपदरा रिफाइनरी को लेकर) तमाम लोगों ने दुकानें खोल रखी हैं। इन दुकानों का शटर बंद करके ताला लगाने का काम आपका भाई रविंद्र करेगा। जिसका वादा और विश्वास आपको दिला रहा हूं। बहुत दुख होता है जब राजनीति से जुड़े हुए लोग, जिनको राज नीति पर चलना चाहिए, वो राज धर्म भूलकर व्यापार के अंदर लग जाते हैं। लेकिन, अब जनता बर्दाश्त नहीं करेगी।

# मंत्री ने चुनाव तैयारी का जायजा लिया

**पाली**, (नि.सं.)। जिला निर्वाचन अधिकारी (कलक्टर) एलएन मंत्री ने आज सोमवार को विधानसभा क्षेत्र मारवाड़ जंक्शन के मतदान केन्द्र संख्या 95 एवं 96, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, बिठौड़ा कलां का निरीक्षण किया।

उन्होंने निरीक्षण के दौरान मतदाताओं की सुविधा हेतु छाया, पेयजल, शौचालय आदि व्यवस्था की जानकारी ली तथा ग्राम के प्रबुद्ध नागरिको से मतदान प्रतिशत बढाने के लिये चर्चा की । इस अवसर पर उपखंड अधिकारी ,गौरी शंकर ने उन्हें आवश्यक जानकारी दी।

इस अवसर पर बूथ लेवल अधिकारी व ग्राम विकास अधिकारी को प्रत्येक प्रवासी मतदाता से निरन्तर संवाद करने एवं वीडियों कॉलिंग के जरिये बात करने के निर्देश दिये गये तथा भागीरथ सिंह, खण्ड विकास अधिकारी, नारवाड़ जंक्शन द्वारा अब तक हुई स्वीप गतिविधियों की जानकारी दी गई।

इस दौरान उपखण्ड अधिकारी, मारवाड़ जंक्शन, गौरी शंकर शर्मा , तहसीलदार मारवाड़ जंक्शन ,कालूराम कुम्हार, खण्ड विकास अधिकारी, मारवाड़ जंक्शन, भागीरथ सिंह, ग्राम विकास अधिकारी ,पटवारी कलां, सरपंच एवं अन्य जन प्रतिनिधि सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलेक्टर एलएन मंत्री ने सोमवार को सोजत क्षेत्र में प्रशिक्षण स्थल का निरीक्षण किया इस अवसर पर जिला कलैक्टर ने आवश्यक निर्देश दिये। इस अवसर पर एसडीएम कुसुमलता चौहान ने आवश्यक जानकारी दी व डाक मतपत्र प्रकोष्ठ तथा कर्तव्य प्रमाण पत्र प्रकोष्ठ के अधिकारियों कार्मिकों से जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

इस अवसर पर पीठासीन अधिकारियों व मतदान अधिकारियों का द्वितीय प्रशिक्षण स्थानीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय काका चौराहा सोजत में प्रारंभ हुआ।

# समरसता दिवस मनाया

**जालोर**, (कासं)। राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय उप शाखा जालोर की ओर से भारत रत्न बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती को समरसता दिवस के रूप में मनाते हुए मंडलनाथ महादेव मंदिर में संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत कार्यवाह खीमाराम सुथार ने कहा कि डॉ. अम्बेडकर के व्यक्तित्व एवं कृतित्व से प्रेरणा लेकर हमें समरसता के भाव से आपसी प्रेम एवं भाईचारे को मजबूत करना है।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य जबर सिंह देवडा, सरदार सिंह चारण, ब्लॉक मंत्री खुशवंत नाग , चुनाराम बोराणा जिला कार्यकारिणी के सदस्य अर्जुन सिंह ,नाथाराम भाटी, जयप्रकाश पणिया, प्रमोद दवे, रेखा राठौड उर्मिला, मधु शेखावत, प्रमोद दवे, राजू दान राव सहित जालौर ब्लॉक के पदाधिकारी एवं शिक्षक संघ के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# भूखंडों की ई-नीलामी जारी

**जोधपुर**, (का.सं.)। जोधपुर विकास प्राधिकरण द्वारा विभिन्न महत्वपूर्ण योजनाओं के आवासीय एवं व्यावसायिक भूखण्डों की भव्य ई-नीलामी निरन्तर जारी है। सोमवार को प्राधिकरण द्वारा ई-नीलामी के अन्तर्गत झरणा विहार योजना सेक्टर ए के 02 तथा आनन्द विहार योजना सेक्टर ए के 01 भूखण्ड का विक्रय किया गया। भूखण्डों की ई-नीलामी में प्राधिकरण को 11700/-रूपए प्रति वर्गमीटर की उच्चतम बोली दर प्राप्त हुई।

निदेशक वित्त जेडीए दशरथ कुमार सोलंकी ने बताया कि मंगलवार, 16 अप्रैल को आनन्द विहार योजना सेक्टर ए के भू.सं. 12, 13, 17, 18 एवं 26 की नीलामी की जाएगी। उक्त भूखण्डों हेतु नियमानुसार धरोहर राशि जमा करवा चुके आवेदकों द्वारा मंगलवार को 12:30 बजे तक बोली लगाते हुए ई-नीलामी में भाग लिया जा सकता है। इसी प्रकार गुरूवार, 18 अप्रैल को आनन्द विहार योजना सेक्टर ए के भू.सं. 27, 35 एवं विवेक विहार आवासीय योजना सेक्टर बी के भू.सं. 154, 318, 347 तथा शुक्रवार, 19 अप्रैल को विवेक विहार आवासीय योजना सेक्टर बी के भू.सं. 348, 362, 393, 412 व 413 की नीलामी की जाएगी। आवेदकों द्वारा नियमानुसार धरोहर राशि जमा करवा ई-नीलामी में भाग लेते हुए बोली लगायी जा सकती है, ई-नीलामी से संबंधित विस्तृत जानकारी, नियम एवं शर्तें प्राधिकरण की वेबसाईट पर देखी जा सकती हैं।

## अनाधिकृत होर्डिंग्स, पोस्टर एवं बैनरों पर कार्रवाई

लोकसभा आम चुनाव-2024 मे मद्देनजर आदर्श आचार संहिता की पालना सुनिश्चित करने के क्रम में जोधपुर विकास प्राधिकरण आयुक्त उत्साह चौधरी के निर्देशानुसार जेडीए के अतिक्रमण निरोधक दस्ते द्वारा नियमित रूप से प्राधिकरण की सम्पति एवं ओवर हेड ग्रेंट्रिज, साईनेज गेन्ट्री, विभिन्न चौराहों एवं स्थानों पर लगाये गए राजनितिक होर्डिंग्स, फ्लैक्स, झण्डे, बैनर, पोस्टर इत्यादि हटाने की कार्यवाही की जा रही है।

नोडल अधिकारी उपसचिव व भूमि अवाप्ति अधिकारी कंचन राठौड़, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक व मुख्य नियंत्रक विनिता के निर्देशानुसार जेडीए दस्ते द्वारा कार्यवाही करते हुए गेन्ट्रीज के साईनेज पर बिना अनुमति एवं अनाधिकृत रूप से लगे पोस्टरों एवं बैनरों को हटाने की कार्यवाही की गई। प्रवर्तन अधिकारी उत्तर प्रवीण गहलोत, प्रवर्तन निरीक्षण पश्चिम मय दस्ते द्वारा स्काई लैब की सहायता से 20 से अधिक साईनेज गेन्ट्रीज से अवैध पोस्टरों एवं बैनरों को हटाया गया। प्राधिकरण दस्ते द्वारा राजकीय अवकाश के दिनों में भी निरन्तर साईनेज गेन्ट्री, चौराहों एवं स्थानों पर राजनैतिक दलों के बिना अनुमति एवं अनाधिकृत लगे पोस्टरों एवं बैनरों को हटाने की कार्यवाही की जा रही है।